# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 1582/49/2017/चयन 	इन्दौर दिनांक 9 FEB 2018

## विज्ञप्ति

## राज्य वन परीक्षा–2017 के साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 07/परीक्षा/2016/दिनांक 05.12.2016 के अंतर्गत राज्य वन सेवा परीक्षा–2017 (सहायक वन संरक्षक एवं वन क्षेत्रपाल) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उपरोक्त पद हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, राज्य वन सेवा परीक्षा–2017 की लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 24.12.2017 को घोषित किया गया था। लिखित परीक्षा में अर्ह आवेदकों से अभिलेख दिनांक 27.01.2018 तक मंगवाए गए थें।

02/ राज्य वन सेवा परीक्षा–2017 के तहत सहायक वन संरक्षक एवं वन क्षेत्रपाल पद के साक्षात्कार 23.02.2018 से दिनांक 16.03.2018 तक आयोजित किये जाना निर्धारित किये गये हैं । आवेदकों को साक्षात्कार पत्र दिनांक 02.02.2018 से आवेदकों के ऑनलाईन आवेदन पत्र में दर्शाए गए ई–मेल एड्रेस पर जारी किये जायेंगे एवं आयोग की वेबसाईड www.mppsc.nic.in & www.mppscdemo.in से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

03/ आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि शारीरिक परीक्षण (मेडिकल) एवं पैदल चाल वन विभाग द्वारा साक्षात्कार दिवस के 03 दिवस पूर्व से आयोजित किया जावेगा। जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | पैदल चाल | स्वास्थ्य परीक्षण | अतिरिक्त दिवस | साक्षात्कार | वार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20.02.18 | 21.02.18 | 22.02.18 | 23.02.18 | शुक्रवार |
| 2. | 21.02.18 | 22.02.18 | 23.02.18 | 24.02.18 | शनिवार |
| 3. | 22.02.18 | 23.02.18 | 24.02.18 | 26.02.18 | सोमवार |
| 4. | 23.02.18 | 24.02.18 | 26.02.18 | 27.02.18 | मंगलवार |
| 5. | 25.02.18(रविवार) | 26.02.18 | 27.02.18 | 28.02.18 | बुधवार |
| 6. | 09.03.18 | 10.03.18 | 11.03.18 | 12.03.18 | सोमवार |
| 7. | 11.03.18(रविवार) | 12.03.18 | 13.03.18 | 14.03.18 | बुधवार |
| 8. | 12.03.18 | 13.03.18 | 14.03.18 | 15.03.18 | गुरूवार |
| 9. | 13.03.18 | 14.03.18 | 15.03.18 | 16.03.18 | शुक्रवार |

**उदाहरणार्थ :–** यदि किसी आवेदक का साक्षात्कार दिनांक 23.02.2018 को आयोजित होना निर्धारित है, तो ऐसी स्थिति में आवेदक की पैदल चाल दिनांक 20.02.2018 को तथा स्वास्थ्य परीक्षण 21.02.2018 को होगा उसके अगले दिवस दिनांक 22.02.2018 अतिरिक्त दिवस (विश्राम) के रूप में रखा जावेगा। **आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पैदल चाल के आयोजन के संबंध में वन विभाग द्वारा आवेदकों कों अलग से सूचित किया जावेगा।**

04/ सहायक वन संरक्षक एवं वन क्षेत्रपाल दोनो पदों के लिए पात्र आवेदकों से साक्षात्कार दिवस को ऑनलाईन अग्रमान्यता आयोग कार्यालय में भरवाई जायेगी।

05/ साक्षात्कार दिवस कों समस्त आवश्यक अभिलेख मूल प्रति में तथा उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होंवें।

7/2/18

उप परीक्षा नियंत्रक